खबर संक्षेप

## श्रीश सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**भुआबिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया के सभा कक्ष में निकाय के श्रीश सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक की विदाई समारोह कर्मचारी पदाधिकारी संघ के तत्वाधान में किया गया। विदाई कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. लक्षमण सिंह सारस , रानू रणधीर सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी को तिलक लगाकर शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा उद्बोधन दिया गया कि शासकीय सेवा से निवृत्त उपरांत परिवारिक दायित्व एवं अपने कार्य अनुभव को समाज के कल्याण में लगाएंगे। कर्मचारी संघ इकाई बिछिया के द्वारा छायाचित्र भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। विदाई समारोह के दौरान कर्मचारियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा श्रीश सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा सराहना करते हुए अपनी-अपनी यादें विचार व्यक्त किये ।विदाई कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी भावविभोर होकर नम आंखों से विदाई दी। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. लक्ष्मण सिंह सारस, उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रानू रणधीर सिंह राजपूत, वार्ड पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, रजनी मरावी, पूनम रजक, कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मनोज निगम, अशोक यादव, प्रसन्न यादव, नारायण सिंह परते, दीपक रजक, सचिन यादव, घनश्याम सिंह चौहान, अक्षय चौधरी, अवन बिसेन, अहमद अली, सुयश श्रीवास्तव, अनीता रजक, कौशल्या तेकाम, दिलीप यादव, उमेश दुबे, संतोष मारूवंश, आशीष नंदा, परमानंद यादव, रामलखन यादव, गणेश रजक, लवकेश ठाकुर, गजेन्द्र भान यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन घनश्याम सिंह चौहान द्वारा किया गया।

### प्रगति का पारस शिक्षा है, जिससे समाज आगे बढ़ेगा-राज्यपाल मंगुभाई पटेल

# जननायकों के बलिदान से हम सीख लें

*** जंतीपुर में जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुये राज्यपाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम जंतीपुर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का स्वागत में स्थानीय चरगांव बीजाडांडी के लोक नर्तक दल ने सैला नृत्य की प्रस्तुति दी। उक्त कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके, निवास विधायक श्री चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंडला श्री संतोष सोनू भलावी, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, श्री प्रफुल्ल मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





### नागा बैगा-बैगिन प्रतिमा का अनावरण

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्राम जंतीपुर में मानव बैगा प्रतीक को समर्पित नागा बैगा-बैगिन प्रतिमा का अनावरण किया। उक्त प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार लक्ष्मी नारायण ने किया है। यह प्रतिमा स्थानीय लोककला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करती है। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकारों ने सैला नृत्य की प्रस्तुति दी एवं राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का स्वागत बीरन माला और बैगा पगड़ी पहनाकर किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित आंगनवाड़ी में बच्चों से चर्चा की।

### ग्रामीणों के साथ किया जनसंवाद



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनसंवाद करते हुए अपने संबोधन में कहा कि ग्राम जंतीपुर में मूर्तिकार श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा निर्मित प्रतिमा का अनावरण एवं आंगनवाड़ी में छोटे बच्चों के साथ संवाद कर आत्मीयता का अनुभव हुआ। जिला प्रशासन के द्वारा प्रारंभ की गई ज्ञानरथ की पहल अनूठी है, जिसमें अच्छी पुस्तकों का भंडार है जो बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए उपयोगी होंगी। ज्ञानरथ में क्रांतिवीरों के जीवन परिचय पर आधारित विभिन्न पुस्तकें हैं, जिसका लाभ उठाकर सभी बच्चे जीवन के मूल्यों की सीख ले सकते हैं। रानी दुर्गावती जी को आज 500 साल बाद भी उनके अच्छे कार्यों के लिए याद किया जाता है। हाल ही में हुए लोकरंग उत्सव में रानी दुर्गावती जी के कार्यों का सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार भगवान बिरसामुंडा की 150वी जयंती पर स्मृति सिक्का जारी किया गया, यह जनजातीय गौरव के जननायक से हमें जीवन की सीख मिलती है। रघुनाथशाह, शंकरशाह, टंट्या मामा एवं अन्य मध्यप्रदेश के जननायकों को समर्पित विश्वविद्यालय बनाया गया है। जननायकों के सर्वस्व बलिदान से हमें सीख लेना है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से जनजातीय समाज को उठाना है। इसके माध्यम से प्रदान की जाने वाली ग्यारह प्रकार की सुविधाएं जैसे आंगनवाड़ी निर्माण, शिक्षा उत्थान, रास्ता निर्माण, आयुष्मान कार्ड आदि की व्यवस्था के लिए 24 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट तीन साल के लिए बनाया गया। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से अच्छे कार्य हो रहे हैं। प्रशासन के द्वारा लगातार इस पर क्रियान्वयन कर बैगा समुदाय का विकास किया जा रहा है। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए समाज के लोग भी प्रशासन के साथ मिलकर जन भागीदारी सुनिश्चित करें।

केबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके ने राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल को डिजिटल गीता भेंट की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैगा क्षेत्रों के लिए माननीय राज्यपाल ने लगातार बेहतरी के कार्य किए हैं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक कल्याण के लिए जो कार्य किए गए हैं वो वंदनीय हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने लगातार पिछड़े क्षेत्रों में भ्रमण कर क्षेत्र की समस्या का अध्ययन किया है जिस पर लगनशीलता से कार्य कर आज पूरे मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को मार्गदर्शन मिला है। 'सबका साथ सबका विकास' की अवधारणा को साकार करते हुए राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के मार्गदर्शन में बैगा समुदाय की स्थिति में सुधार हुआ है। ग्राम जंतीपुर में प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से पक्की सड़क, पक्के आवास सहित आदि सुविधाओं के प्राप्त होने से हर क्षेत्र में ग्रामीण आगे आए हैं। स्व सहायता समूह में जिले की सीता दीदी के नेतृत्व में आगे बढ़े हैं जिससे कृषि के अतिरिक्त भी आय के अन्य साधनों का विकास हो सका है। मध्यप्रदेश शासन बैगा समुदाय को सीधी भर्ती पर नियुक्त कर आगे बढ़ा रही है। सभी अपने बच्चों को शिक्षित कर उनको अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करें। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के नेतृत्व में सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों का उपचार अच्छे से हो रहा है जिसके लिए सभी उनके आभारी हैं।

# आत्मनिर्भरता की ओर एक नई दिशा देगा यह बजट

*** मध्यम वर्ग के बीच खुशी की लहर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने जो बजट पेश किया वह भारत को 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में ला खड़े करने वाला बजट है इस बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये प्रदेश की केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का आम बजट 'विकसित भारत' निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट सर्वजनहिताय और सर्वजन सुखाय के सिद्धांत के अनुरूप तैयार किया गया है, जो समृद्धि और आत्मनिर्भरता की ओर एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस बजट में महिलाओं, मजदूरों, गरीबों, किसानों, युवाओं, व्यापारियों, और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आर्थिक राहत, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, और बेहतर रोजगार के अवसरों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

कृषि, उद्योग, निवेश और निर्यात जैसे प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे देश की आर्थिक विकास दर को गति मिलेगी। यह बजट देश में सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मैं प्रधानमंत्री मोदी जी और वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस बजट को तैयार किया। मध्यप्रदेश सरकार भी माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश की जनता के हित में निरंतर प्रयासरत है और इस बजट के माध्यम से 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राज्यपाल का हेलीपेड पर हुआ स्वागत

**मण्डला।** मण्डला के जंतीपुर में पीएम जनमन योजना के तहत लाभान्वित बैगा समुदाय के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री पटेल हेलीकॉप्टर द्वारा कटंगी मंडला हेलीपेड पहुंचे। हेलीपेड पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने महामहिम राज्यपाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके भी शामिल हुई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रफुल्ल मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, डीएफओ नित्यानंद, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम घुघरी आकिप खान, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनाली सिडाम, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया महिष्मति घाट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदा तट पर माहिष्मति घाट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले और दूसरे घाट का काम कल तक खत्म करें, साथ ही वहाँ पर सोलर लाइट भी लगवायें। कलेक्टर ने कहा कि नर्मदा तट पर आगामी 3 फरवरी को बसंत पंचमी और 4 फरवरी को नर्मदा जयंती है, इसी दिन निर्झरणी महोत्सव भी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। इसलिए महाराजपुर तथा मंडला दोनों तरह वाहनों के व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करें। घाट की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



हितलाभ | राज्यपाल श्री पटेल ने किया बैगा परिवार के साथ भोजन।

# नवनिर्मित आवास का फीता काट राज्यपाल ने कराया प्रवेश





*** मुन्नी बाई भारतीया के घर किया भोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्राम जंतीपुर में आयोजित कार्यक्रम के बाद महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पीएम जनमन आवास के तहत श्रीमती मुन्नी बाई भारतिया के नवनिर्मित आवास का फीता काटकर गृहप्रवेश कराया। इस दौरान राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पौधारोपण कर श्रीमती मुन्नी बाई के घर में भोजन किया। इस दौरान पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, निवास विधायक श्री चेनसिंह वरकड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित संबंधित उपस्थित थे।

राज्यपाल ने श्रीमती मुन्नी बाई भारतीय से आत्मीय चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली, जिसमें मुन्नी बाई ने बताया कि उन्हें उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान, आहार अनुदान, पात्रता पर्ची सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### ग्रीन हाउस में आशुतोष से मुलाकात की

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 6 वर्षीय राज्य स्तरीय गोल्ड मैडल आशुतोष जायसवाल और माता पिता से मुलाकात की। राज्यपाल श्री पटेल ने आशुतोष से बात करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### बेटी, वृद्ध सहित संतों का किया सम्मान



**गाडरवारा।** क्षेत्र में समाज सेवा के लिये एक अलग ही पहचान बना चुके मुकेश बसेड़िया के दिल में जिस तरह समाज सेवा का भाव छिपा हुआ है वह अब सिर्फ क्षेत्र की सीमित होकर नही रहा है। वही बेटियों से लेकर वृद्व व संतों के सम्मान के लिये अन्य दूसरे प्रांतो में पहुंचकर भी समाज सेवा करते हुये देखे जा रहे है। इस तरह मुकेश बसेड़िया बेटियों की शिक्षा व सम्मान के लिए सदैव अग्रणी रहते हुये इस समय उत्तर प्रदेश की भूमि पर चल रहे महाकुंभ प्रयागराज में मौनी अमावस्या के शाही स्नान के महापर्व पर उमड़े हुये अपार जनसैलाब के बाद भी तीन दिवस सतत बेटी शिक्षा, वृद्ध सेवा के साथ संत सम्मान करने में पीछे नही रहे। इस दौरान उन्होंने संगम में स्नान कर बेटियों के त्रिवेणी जल से पद पखारते हुये जहां उन्हें वस्त्र व शिक्षण सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया तथा स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होने बड़ी संख्या में सन्तो ,वृद्ध जनो को नवीन वस्त्र सहित अन्य प्रकार की सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया। वही दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के आयोजन को लेकर जिस तरह अकल्पनीय ,शानदार व्यवस्थाओ बनाये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की गई। वही मेला प्राधिकरण के मुख्य प्रबंधक, प्रयागराज जिलाधीश के ऑफिस में उनके सहायक को मुख्यमंत्री के नाम आभार पत्र भेंट किया गया।

### बंदरो की दहशत से गांवों में मचा हाहाकार

**सांईखेड़ा ।** वर्तमान में दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा सहित क्षेत्र के गांवो के किसानो की विकसित हो रही फसलों को जंगली सुअर और आवारा जानवर तबाह कर रहे। वही गांवो में झुंडो में उछल कूंद कर रहे बंदरो की दहशत से शहर के नजदीक के गांवो में हाहाकार मचा हुआ है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उनके खेतों रबी, गन्ने की फसल को जंगली सुअरों से अधिक बंदर नुकसान पहुँचा रहे है, मटर, गन्ने की फसल को चौपट करने वानरो को बिल्कुल देर नही लगती, साथ ही फल, सब्जियों की फसल पर भी इनके आक्रमण का सिलसिला जारी रहने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाने मजबूर होना पड़ रहा है। इसी प्रकार से नगर सांईखेड़ा के लोगों का कहना है कि शहर में बंदरों के आंतक के चलते लोग परेशान हो रहे है। क्योंकि महिलाओं द्वारा अपने छतों पर कोई भी सामग्री सूखने या फिर कपड़े डाले जाते है तो बंदरों का झुंड उन्हें क्षति पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ते है। कुछ इसी प्रकार से क्षेत्र के किसानों का कहना है कि गांवों में बंदरो के आतंक को खत्म करने वन विभाग के अधिकारियों से कई बार गुजारिश की गयी किंतु अभी तक वन विभाग की ओर से जंगलों से पलायन कर गांवों में बंदरो पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया, जिसका परिणाम है कि फिलहाल बंदर किसानो की फसलों को नुकसान पहुँचा रहे है। किसानो ने वन विभाग के अधिकारियों से गांवो में डेरा जमाये बंदरो को पकड़ जंगल में छोड़ने की गुहार लगायी है।

### बुलुट की फटाखानुमा आवाज अब नगरवासियों की सहन शक्ति से हो रही बाहर

**गाडरवारा।** शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, सड़कों पर हजारो वाहनो की आवाजाही होती रहती है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर वाहन चालक तेज गति से तो वाहन चलाते ही है साथ ही ओवर लोड वाहन भी फर्राटे से सड़कों पर दौड़ाये जाते है। बताया जाता है कि अनियंत्रित गति से नगर के मुख्य मार्गो पर दौड़ रहे वाहनो से यातायात व्यवस्था तो भंग हो ही रही है साथ ही कभी कभार जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरो की भी मुसीबत हो रही है। वही शहरवासियो का कहना है कि नगर की सड़के संकीर्ण होने से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनो के कारण दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है।

## माँ नर्मदा के जयघोष के साथ नगर में निकाली गई 201 मीटर चुनरी की भव्य शोभा यात्रा, मंगलवार ककरा घाट पर माँ की गोद में चुनरी को किया जावेगा समर्पित, रेवा मैया के जन्मोत्सव को लेकर नर्मदा तटों से लेकर रास्तों में भक्तों के स्वागत के लिये की गई अनेक प्रकार की तैयारियाँ







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

क्षेत्र को सदा की संकटों से दूर रखने वाली माँ नर्मदा जयंती के पहले नगर में हर वर्ष बडे ही धूमधाम के साथ निकाली जाती रही है। इसी प्रकार से लगातार 12 वे वर्ष यानि की कल शनिवार को माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर माँ नर्मदाजी को अर्पित करने के लिये चुनरी यात्रा शहर में बडे ही धूमधाम के साथ निकाली गई। कल शनिवार को बसंती पंचमी के मौके पर दोपहर 2 बजे के बाद नगर के छिड़ाव घाट स्थित नर्मदा मंदिर से इस चुनरी यात्रा को शुभांरभ माँ रेवा मैया के पूजन के उपरांत देवी स्वरूपा दो कन्याओं द्वारा चुनरी खेचते हुये किया गया। वही छिडावघाट से शुरू हुई यह चुनरी यात्रा पुरानी चौकी से होते हुये चांवडी मार्ग से निकलकर महावीर भवन से श्याम टाकीज मार्ग होते हुये सब्जी मंडी मार्ग से निकलते हुये पुरानी गल्ला मंडी पहुंची जहां पर रथ में सबार माँ नर्मदाजी विराजमान थी जिनकी सैकड़ो लोगों ने पूजन किया गया। इसके बाद यह चुनरी यात्रा आगे की ओर रवाना होते हुये नगर के ह्रदय स्थल झंडा से निकलते हुये पुनः शुभारंभ स्थल यानि की छिड़ाव घाट नर्मदा मंदिर पहुंची जहां पर महाआरती के साथ इस चुनरी शोभायात्रा का समापन हुआ। इस तरह शनिवार को नगर में चुनरी यात्रा का भ्रमण कराये जाने के बाद यह 201 मीटर की चुनरी परसो यानि की 4 फरवरी दिन मंगलवार को नर्मदा जन्मोत्सव के मौके पर रैवा मैया के भवन तट ककराघाट पर अर्पित की जावेगी। वही नर्मदाजी जंयती के मौके पर नर्मदाजी के ककराघाट पर हवन पूजन के साथ सुबह 9 बजे से कन्या भोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया जावेगा। वही दूसरी ओर 4 फरवरी को क्षेत्र के अनेक गांवों में जहां तहां चुनरी





यात्राओं के आयोजन किये जावेगे तथा नर्मदा तटों पर मैय्या का पूजन अर्चन करने के लिये पहुंचने वाले भक्तों के स्वागत को लेकर अनेक जगहों पर बड़े स्तर पर तैयारियों की गई है। इस तरह नर्मदा जयंती को लेकर क्षेत्र के नर्मदा भक्त व समाज सेवी युवा राव संदीप सिंह का कहना है कि इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आज हमारे क्षेत्र में जो खुशहाली देखने मिल रही है वह माँ नर्मदाजी का ही आर्शीवाद है और नगर सहित क्षेत्र के नर्मदा भक्तों द्वारा जिस तरह हर वर्ष माँ रेवा की जो चुनरी यात्रा निकाली जाती है उसमें जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जाता है। वह निश्चित ही उल्लेखनीय रहता है। नगर में इस चुनरी यात्रा का शुभारंभ वर्ष 2015 से हुआ था जो लगातार जारी है। क्योंकि मानव जीवन को पापों से मुक्त करने वाली माँ नर्मदा जी है जो भक्त सच्चे मन से उनकी आराधना करता है उस पर माँ अपना पूरा आर्शीवाद लूटा देती है। इसी का परिणाम है कि हमारा नर्मदा क्षेत्र सदा खुशियों से झूमता रहता है। मगर यह चिंता की बात है कि जिस तरह लोगों द्वारा माँ नर्मदाजी को प्रदूषित किया जा रहा है वह निश्चित अच्छी बात नही मानी जा सकती है। इस नर्मदा जयंती के मौके पर हम सभी भक्तों को इस बात की शपथ लेने की जरूरत है कि न हम कभी माँ नर्मदा को प्रदूषित करेगे और न होने देगे तभी सच्ची श्रद्धा मानी जा सकती है। वही नर्मदा भक्त धमेन्द्र भार्गव का कहना है कि क्षेत्र की सदा ही रक्षा करने वाले माँ नर्मदा जयंती प्रतिवर्ष क्षेत्र के लोगों द्वारा बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाई जाती है और इसी प्रकार से इस वर्ष भी माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र में जहां तहां निकाली जावेगी जो बड़ी ही श्रद्धा के साथ माँ रेवा मैय्या को अर्पित की जावेगी। माँ को अर्पण करने वाली नर्मदा चुनरी यात्रा में जिस प्रकार से लोग भाग लेते हुए क्षेत्र को पूर्ण रूप से धर्ममय बना दिया जाता है और इसी प्रकार से कल शुक्रवार को नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर भी आयोजित होने वाले भंडारे में नर्मदा भक्तों द्वारा पहुंचकर माँ नर्मदा की आरती पूजन में शामिल होने के साथ माता का आर्शीवाद प्रसाद ग्रहण करने में कोई कसर नही छोड़ेगे। वही माँ नर्मदा के भक्त प्रदीप कौरव ने चर्चा के दौरान बताया कि माँ नर्मदा क्षेत्र की जनता पर सदा आशीष बरसाती है जिसका परिणाम है कि क्षेत्र में कभी कोई बड़ा संकट नही आता है। क्षेत्र की खुशहाल बनाने में माँ नर्मदा सदा ही कृपा करती रहती है इस लिए हर नागरिक का धर्म में ही इस समय रेवा मैय्या में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए एक अभियान चलाते हुए रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। क्योंकि आज हमारे क्षेत्र में किसी भी बड़ी विपदा आने से इसलिए बच जाती है। क्योंकि हम लोगों की रक्षा माँ नर्मदा जी करती रहती है। इस सोच के चलते अब हमें भी माँ नर्मदा को प्रदूषण से बचाने के लिए लगातार प्रयास करना होगा। माँ नर्मदा भक्त व समाज सेवी मुकेश बसेड़यिा का कहना है कि सदा ही क्षेत्र की जनता को खुशहाली का बरदान देने वाली माँ नर्मदा की जयंती प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जा रही है और लोगों में माँ नर्मदा जयंती मनाने के लिए जो उत्साह देखने मिल रहा है उसका प्रमाण कल शनिवार को नगर में निकाली गई चुनरी यात्रा में उमड़े हुये जन सैलाव को देखते हुये यह प्रतीत हो रहा है कि मंगलवार को नर्मदाजी की जयंती के पावन अवसर पर माँ नर्मदा के तटों पर अनोखी छटा देखने मिलेगी। वही दूसरी ओर जहां तहां से निकाली जाने वाले चुनरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के लोगों द्वारा यह संदेश मिलेगा कि वह माँ नर्मदा जयंती के मौके पर माँ नर्मदा की आराधना करने में अपनी ओर से कोई कसर नही छोड़ेगे। वही आमजन से अपेक्षा व्यक्त करते हुए नर्मदा भक्तों ने कहा है कि माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर लोग दीपदान करते हुए प्लास्टिक व पन्नी वाले दोनों का उपयोग न करते हुए आंटे से निर्मित दीपक के माध्यम से ही दीपदान करते हुए माँ नर्मदा के संरक्षण में अपनी अहिम भूमिका निभाये। क्योंकि जिस प्रकार से हम माँ नर्मदा की रक्षा करेगे तो निश्चित ही हम पर भी रैवा मैय्या कृपा करती रहेगी।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन कार्य होगा 31 मार्च तक, गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये यह निर्धारित किये गये खरीदी केन्द्र



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले में रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए उत्पादित फसल गेहूं के पंजीयन का कार्य करने के लिए जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में कुल 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित खुलरी को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित गाडरवारा को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा हेतु वृहताकार सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था कामती, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, सेवा सहकारी संस्था चीचली, सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, सेवा सहकारी संस्था बाबईकलां, सेवा सहकारी संस्था पचामा, वृहता सेवा सहकारी संस्था करपगांव को पंजीयन स्थान, पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मारेगांव हेतु सेवा सहकारी समिति मारेगांव केन्द्र क्रमांक एक को पंजीयन स्थान, पंजीयन केन्द्र प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, सेवा सहकारी संस्था कोड़यि, सेवा सहकारी समिति सहावन, सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुंगरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हर्रई- गाडरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर- गाडरवारा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिल्हैटी और सेवा सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी को को पंजीयन स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार, सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, सेवा सहकारी संस्था बनवारी, सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा, सेवा सहकारी संस्था सासबहू, सेवा सहकारी संस्था नांदनेर, सेवा सहकारी समिति पीपरपानी और सेवा सहकारी समिति मर्यादित मडगुला को पंजीयन स्थल बनाया गया है। उक्त संस्थाएं गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किसान पंजीयन का कार्य करेंगी तथा किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करेंगी।

## नगर का पुराना कालेज भवन बना शराबियो का अड्डा, शाम से लेकर देर रात तक यहां पर नशे का सेवन करने वालों की जमी रहती है मेहफिल

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**





जिस शहर में कभी मुश्किल से महुआ की शराब मिलती थी। मगर अब बदले दौर में उसमें भरपूर हर ब्रांड की शराब मदिरा प्रेमियो को उपलब्ध हो रही है। किन्तु नगर में वीयरवार या अहाते न होने की स्थिति में रात में मदिरा प्रेमी युवा पानी पाऊच, डिस्पोजल, नमकीन के पैकिटो से लैस होकर शराब पीने के ठिकाने तलाशते नजर आते है, जिसका नतीजा है कि नगर के वीरान ईलाके तक खुली मधु शालाओं में तब्दील होते जा रहे है। गौरतलब है कि इन दिनों शिक्षा मंदिर कहे जाने वाले पुराने कालेज भवन के कमरो, खेल मैदान, उसके पास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बने हुए मंच पर शराब पीने की अत्याधिक शोक रखने वाले युवाओं की भीड़ जुटने लगती है और जैसे तैसे रात गहराती है समूचा पुराना कालेज ग्राउंड परिसर विविध ब्रांडो की शराब की गंध से सराबोर हो जाता है,।पुरानें कालेज भवन के सामने लगी लोहे की जाली, कमरों के दरवाजे रोज शराब पीने मचलने वाले युवाओं तोड़ने से भी नही चूक रहे है और पुराने कालेज भवन के कमरो में उनके द्वारा जाम छलकाये जा रहे है। इसी तरह पुराने कालेज ग्राउंड में रात में हाईटेक युवा अपने मदिरा प्रेमी साथियो की महफिले जमा शेरो शायरी पढ़कर आनंदित हो रहे है। हासिल जानकारी के अनुसार पुराने कालेज ग्राउंड ईलाके में इन दिनों शराबियो का जमघट लगने से प्रतिदिन बिखरी खाली शराब की शीशियो, खाली डिस्पोजल, नमकीन के पैकेटो, बुझी सिगरेटों सहित नशे की लत पूरी करने के लिये उपयोग किये जाने वाले इंजेक्शनों की सीरेंज सहित अन्य सामग्री के अम्बार से आस पास की शालाओं में पढ़ने वाली छात्र, छात्राओं, आमजनो को पुराने कालेज ग्राउंड से निकलने में तो दिक्कत होती है साथ ही वातावरण भी प्रदूषित होते हुए देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस कर्मी पूर्व में अनेक बार डंडा चमकाते हुए शराब पीने के आशिक युवाओं को पुराने कालेज ग्राउंड से रात में बेदखल करते हुये देखा जाता था। मगर इस समय जिस प्रकार से पुलिस की उदासीन कार्य प्रणाली देखने मिल रही है उसके चलते यह जान पड़ने से नही चूक रहा है कि शायद पुलिस द्वारा हर गैर कानूनी कार्य करने वालों को अपनी ओर से छूट प्रदान कर दी गई है जिसके चलते जिसके मन में जो आ रहा है करने पर उतारू होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में निश्चित तौर से नगर का भगवान ही मालिक रहते हुये जान पड़ रहा है? गौरतलब है कि नगर के पुराने कालेज का ग्राउंड नपा.के स्वामित्व में है जिसमें बनी बाउन्ड्री बाल बनने के बाद भी उसके गेट खुले रहने से यह खेल मैदान असुरक्षित है। इसी तरह पुराने कालेज का भवन फिलहाल अनुपयोगी उपेक्षित होने की वजह है कि यह जगह शराब प्रेमी युवाओं को जन्नत की तरह नजर आती है, जागरूक नागरिको का कहना है कि पुराने कालेज ग्राउंड पर शराबियो का जमघट लगने का प्रमुख कारण चंद कदम दूरी पर मदिरा मिलना और रात की तन्हाई प्रमुख कारण साबित हो रही है, इस प्रकार की सच्चाई को लेकर शहरवासियो ने नपा.से पुराने कालेज ग्राउंड को सुरक्षित करने और पुलिस प्रशासन से इस खेल मैदान में शराब के शौकीनो की महफिल लगने पर रोक लगाने की गुहार लगाये जाने के बाद भी पुलिस द्वारा इस ओर ध्यान न देना चिंता जनक सच्चाई को उजागर करते हुये जान पड़ रहा है।

## कलेक्टर ने किया ग्राम देगुवां के रघुवंशी के तालाब का निरीक्षण, मछली पालन बना आय का जरिया





**हरिभूमि न्यूज/ सिहोरा/बोहानी।**

गाडरवारा तहसील क्षेत्र के भ्रमण पर आई हुई जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम देगुवां निवासी लक्ष्मण सिंह रघुवंशी के तालाब का निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि रघुवंशी ने स्वयं की भूमि में मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत संचालित आरकेव्हीवाय एवं पीएमएमएसवाय योजनांतर्गत इस तालाब का निर्माण किया गया है जिसका निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इसके अलावा कलेक्टर ने देगुवां में ही 3.429 हेक्टर में तालाब जल क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम देगुवां के रघुवंशी ने कलेक्टर को बताया कि उनके द्वारा मत्स्य विभाग की आरकेव्हीवाय योजनांतर्गत 0.1 हेक्टर में वर्ष 2018 में तालाब का निर्माण किया गया था। इसमें उनके द्वारा लगभग 6 टन पंगेशियस मछली का उत्पादन कर प्रतिवर्ष 3 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त की जा रही है। इस लाभ को देखते हुए रघुवंशी ने वर्ष 2023- 24 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत 0.1 हेक्टर की दो यूनिट का निर्माण किया तथा इसमें 6- 6 टन पंगेशियस मछली का उत्पादन कर लगभग 7 से 8 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त की गई। जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने ग्राम देगुवां में 3.429 हेक्टर में निर्मित तालाब जल क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां कलेक्टर को बताया गया कि यह तालाब बीपीएल धारक 4 सदस्यों को मत्स्य पालन के लिए 10 वर्ष पट्टे पर दिया गया है। हितग्राहियों ने बताया कि यहां उनके द्वारा शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बगासपुर से रोहू, कतला एवं मृगल का मत्स्य बीज प्राप्त कर तालाब में संचित किया गया। इससे लगभग 8 से 9 टन का मत्स्य उत्पादन कर प्रति सदस्य ने 2 लाख रुपये सालाना शुद्ध आय अर्जित किये।

## पौधा रोपण के दौरान की गई अनदेखी बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर को हरियाली की चुनरी पहनाने के लिये अनेक समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पौधा रोपण किया जाता है उसकी निश्चित तौर से जहां सराहना होने से नही चूक पाती है। इस तरह पर्यावरण की रक्षा करने के लिये की जाने वाली पौधा रोपण की मुहिम निश्चित तौर से सराहनीय है। मगर पौधा रोपण के दौरान स्थल का चयन करने में बरते जाने वाली लापरवाही निश्चित तौर से परेशानी का कारण बनने के साथ साथ आम लोगों के जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से भी नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर में कुछ वर्ष पहले जहां तहां रोपे गये पौधा जो इस समय पेड़ बनने की ओर अग्रसर होते हुये देखे जा रहे है मगर उन पर कुल्हाडी चलाने के लिये लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन हरे भरे वृक्षों पर लोग कुल्हाडी चलाने का मन तो नही बना पाते है ।

## सीता रेवा नदी में चल रहा है पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ में उमड़ रही भक्तों की भीड़, कथा भगवान का साक्षात दर्शन कराती है- वीरेन्द्र शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**





हमारे क्षेत्र में भगवान की इस तरह कृपा रहती है कि जिसके चलते धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रहती है। कुछ इसी प्रकार से नवयुवक मंडल नर्मदा सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष सीतारेवा तट पर पंच कुड्डीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी यह आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लाष के साथ किया जा रहा है।। जहां पर देखा जा रही है कि प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वही दूसरी ओर मुख्य रूप से महिला पुरूष यज्ञ स्थली की परिक्रमा लगाते हुये धर्म लाभ लेने से नही चूक रहे है। वही इस मौके पर कथा का आयोजन भी किया जा रहा है जहां पर लोग भगवान की कथा सुनकर पूर्णरूप से महौला को धर्ममय बनाने से नही चुक रहे है। भगवान की रामकथा पंडित बीरेन्द्र शास्त्री द्वारा अपने मुखार विंद से सुनाई जा रही है तो दूसरी ओर नर्मदा पुराण पंडित विश्वनाथ शास्त्री द्वारा किया जा रहा है । वही कथा व्यास ने कहा कि कथा हो या फिर यज्ञ यह प्रदर्शन का विषय ना बनें यह तो भगवान के दर्शन का विषय है। क्योंकि यहां पर साक्षात भगवान विराजमान रहते है। यदि आप लोग किसी यज्ञ में सिर्फ प्रदर्शन करने के लिये पहुंचते है तो यह गलत है। जब किसी कथा या यज्ञ में जाते है तो यह कहकर निकलना चाहिये की हम भगवान के धाम को उनके दर्शन करने के लिये जा रहे है। इस तरह अपने बच्चों को भी महायज्ञ के दर्शन करानें जरूर लाएं जिससे कि वह अपनी सनातन धर्म कि पंरमपराओं से जुड़े। क्योंकि युवा पीढ़ी इस दुनिया की चकाचौंध में धर्म को भूलते चले जा रहे है। यदि धर्म स्थलों तक नही पहुंचेगे तो फिर हमारे व दूसरे धर्मो के अंदर को जान ही नही पायेगे।

## खबर संक्षेप



### कैलाश विजयवर्गीय ने तपस्वी बाबा कल्याण दास से प्रयागराज में की सौजन्य भेंट

**अमरकंटक**। मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने तीर्थराज प्रयागराज मे शदी के विशालतम महाकुंभ के पावन अवसर पर सेक्टर 19 के उदासीन अखाड़ा शिविर में धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के संत परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज से सौजन्य भेंट मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने अमरकंटक के संत बाबा कल्याण दास महाराज से विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया और यह कहा कि बाबा जी हमारे मध्य प्रदेश की शान है वैसे तो बाबा जी का मुख्य स्थान अमरकंटक है परंतु बाबा जी को पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक श्रद्धा पूर्वक बाबा जी के आशीर्वचन को अपने जीवन में ग्रहण कर रहे हैं यह भेंट मुलाकात लगभग 1 घंटे चली बाबा कल्याण दास महाराज ने शिविर में पधारे कैलाश विजयवर्गी का शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र तथा महाकुंभ का प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत बंदन अभिनंदन किया। बाबा कल्याण दास ने आशीर्वाद प्रदान किया कैलाश विजयवर्गीय ने तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज का कुशल क्षेम पूछा और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाबा कल्याण दास ने कैलाश विजयवर्गीय को पवित्र नगरी अमरकंटक आने का विनम्र आमंत्रण दिया जिसे कैलाश विजयवर्गीय ने विनम्र भाव से स्वीकार किया समय आने पर अमरकंटक आने की बात कही।

### राज्य स्तरीय गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में जिले के चार विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनूपपुर**। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण विषय पर आधारित प्रदर्शनी जन शिक्षा केंद्र, ब्लॉक, जिला, संभाग व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन चरण बद्ध तरीके से आयोजित किया गया। राज्य स्तर के 20 पुरस्कारों में शहडोल संभाग ने पांच स्थान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिनमें से चार पुरस्कार अनूपपुर जिले को प्राप्त हुए डीपीसी ने बताया कि राज्य स्तरीय गणित, विज्ञान, पर्यावरण प्रदर्शनी 2025 में अनूपपुर जिले से 12 विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिनमे माध्यमिक शाला चंदवार विकासखंड जैतहरी की सीमा सिंह ने भूगोल मॉडल में द्वितीय स्थान, माध्यमिक शाला बरबसपुर की टीम ने लघु नाटिका में तृतीय स्थान, पर्यावरण मॉडल में हायर सेकेंडरी स्कूल पोडकी विकासखंड पुष्पराजगढ़ में दूसरा स्थान माध्यमिक शाला छुलहा की सुलोचना चौधरी ने एकल गीत में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में उपलब्धि हासिल करने वाले चारों विद्यार्थियों को कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### छुलहा, पिपरिया एवं तहसील फीडर की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**अनूपपुर**। मप्रपूक्षेविविकलिमि के उपसंभाग अनूपपुर क्षेत्र अंतर्गत आर.डी.एस एस अन्तर्गत एमडीपी इन्फा इण्डिया प्रा लिमिटेड द्वारा पिपरिया एजी फीडर में कण्डक्टर खीचने का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र शान्तिनगर से निकलने वाले 11 के व्ही छुलहा, पिपरिया एवं तहसील फीडर मे आज 02 फरवरी दिन रविवार को समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी। उक्ताशय की जानकारी विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संचालन/ संधारण अनूपपुर ने दी है उन्होंने बताया कि कार्य के अनुसार समय बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

**दो वर्षों में कार्यालय व्यय के नाम पर लगभग 6 लाख रुपए का भुगतान**

# ग्राम विकास की राशि से बजा रहे गुदुम, सब्जी और खाना समेत आकस्मिक व्यय के नाम पर लाखों रुपए भुगतान, जिम्मेदार क्यों मेहरबान...?


**जनपद पंचायत सीईओ बजाग द्वारा तीन दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश के बाद भी जांच करने नहीं पहुंचे अधिकारी**

डिंडोरी

बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भानपुर भ्रष्टाचार के लिए लंबे समय से चर्चाओं में बना हुआ है, ग्राम पंचायत के करिंदे ग्राम पंचायत विकास हेतु आवंटित राशि का मनमानी आकस्मिक व्यय दर्शा कर लाखों रुपए का बारा न्यारा कर रहे हैं। इतना ही नहीं शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के विरुद्ध गुदुम, सब्जी, भोजन, और ऐसे अन्य मनमाने कार्यों के नाम पर लाखों रुपए भुगतान किए जाने का आरोप लगाते हुए




ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कर जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत भानपुर सरपंच श्रीमती गंगा बाई मरावी और सचिव के खिलाफ लगातार शिकायत करने पर भी अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई हैं, पांचवा राज्य वित्त आयोग मद अंतर्गत




प्राप्त राशि का बंदर बांट किया जा रहा हैं, ग्राम पंचायत भानपुर कोई काम नहीं कराया गया है, खाने पीने में ही राशि निकाल कर खर्च की जा रही हैं, दो ढाई साल में जो काम किए और फर्जी बिलों से राशि आहरण किया जा रहा है, निर्माण कार्यों की जगह व्यय एवं अन्य सामग्री क्रय के नाम से वर्ष 2023 में राशि 307840- आहरण किए हैं, इसी तरह वर्ष 2024 में कार्यालय व्यय एवं अन्य सामग्री क्रय हेतु आहरण राशि 304414- रूपये किए गए हैं, दो वर्ष में कार्यालय व्यवस्था के नाम पर कुल राशि 612254- फर्जी आहरण की गई है जबकि कोई कार्यालय व्यवस्था नहीं है। सामुदायिक नाडेप निर्माण पंचायत दर्पण में यूनिट 6 नग है, परन्तु धरातल में 01 नग का निर्माण कराया गया और राशि 102900- आहरण की गई है। सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य बिजौरा में यूनिट 05 स्वीकृत है, बने 02 नग है जबकि राशि 112000- आहरण की गई है।लीज पिट निर्माण कार्य बिजौरा पी.एस. के पास नाम मात्र है,और राशि 27500- रूपए आहरण किया गया है।

नाली निर्माण कार्य में स्वीकृत राशि 4.48. लाख रुपये हुआ था और नाली निर्माण कार्य 113. मीटर कार्य हुआ है और राशि 662494 - रुपये आहरण किया गया है, बगैर मूल्यांकन के फर्जी तरीके से आहरण किए हैं। अन्य मरम्मत निर्माण कार्य में राशि 27500 - रूपये, सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य यूनिट 6 नग के नाम से राशि 56000 - रूपये फर्जी आहरण किया गया है, जबकि धरातल पर कार्य नहीं कराया गया है।

अन्य मरम्मत कार्य में 67600 - रूपये आहरण किए गए हैं, इस प्रकार बगैर काम कराए, बगैर मूल्यांकन के राशि 16,34748 - रूपये आहरण किए गए हैं, जिसका शिकायत अनेकों बार अधिकारियों के समक्ष किया गया है, लेकिन अभी तक कार्यवाही नही की जा रही हैं।

#### अनेकों शिकायतों के बाद भी आज जांच और कार्रवाई नदारत

ग्रामीणों की शिकायत पर शिकायत शाखा डिंडौरी का पत्र कं 197 शिकायत डिंडोरी दिनांक 03.07.2024 के अनुसार ग्राम पंचायत भानपुर में सरपंच द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग पर शीघ्र जांच समिति गठित कर जांच कराने निर्देशित किया गया था, पुनः जांच के लिए आदेश दिनांक 15.01.2025 को उक्त शिकायत की जांच हेतु जनपद सीईओ द्वारा समिति गठित किया गया लेकिन आज दिनांक तक जांच नहीं की गई है जबकि 03 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए थे।

#### इनका कहना है,,

शिकायत प्राप्त हुई, मामलें की जांच हेतु समिति गठित कर शीघ्र जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं, मामला बड़ा है जांच में समय लगता है।

**एम एल धुर्वे**
**सीईओ बजाग**

# कलेक्टर ने विकासखंड करंजिया आंगनबाडी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**डिंडोरी**। कलेक्टर की अध्यक्षता में 30 जनवरी 2025 को आयोजित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों में मिल रही सेवाओं के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुधार के लिए कलेक्टर ने आज विकासखंड करंजिया में आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत भुसण्डा, पाटनगढ़, रूसा, मोहतरा, मानिकपुर का निरीक्षण करते हुए आंगनवाडियों केन्द्रों में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। जिसके तहत कलेक्टर मारव्या ने टीकाकरण सुविधा, जांच उपकरण, टीएचआर उपलब्धता, रजिस्टर पंजी, बच्चों की उपस्थिति की स्थिति, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, भोजन व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनवाडी केन्द्र मानिकपुर में कलेक्टर मारव्या ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थिति आंगनवाडी कार्यकर्ता से कुपोषण को दूर करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थिति पंजी में अनियमितता और सामग्री वितरण में अनियमितता पाए जाने पर आंगनवाडी संचालक को निर्देशित करते हुए



कहा कि आंगनवाडी में मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराएं, उपस्थिति पंजी को व्यवस्थित करें साथ ही अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं, कार्य में सुधार न होने की स्थिति में आंगनवाडी संचालक की वेतन एवं सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। आंगनवाडी केन्द्र भुसण्डा में कलेक्टर मारव्या ने आंगनवाडी केन्द्र में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए निरीक्षण में पाया कि बच्चों के पोषण युक्त भोजन नहीं दिया जा रहा था, एवं आंगनवाडी केन्द्र की मरम्मत की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में मौजूद बच्चों से चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाडी संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए उन्हें पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराएं एवं 15 दिवस के भीतर समुचित व्यवस्थाओं को सुदृढ कर लें। कलेक्टर नेहा मारव्या ने अन्य सभी आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्रों में सभी सुविधाओं की जानकारी ली, एवं केन्द्रों में सुविधाओं की अभाव की स्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों में दी जा रही समस्त सुविधाओं सुलभ बनाते हुए सुदृढ करें। इस कार्य के लिए उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं शिक्षकों को समय समय पर निरीक्षण करते रहने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर मारव्या ने सुपरवाईजर मीरा उइके को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 दिवस के अन्दर सभी संबंधित आंगनवाडी केन्द्रों के उपस्थिति पंजी को व्यवस्थित करें साथ ही केन्द्रों में दी जा रही समस्त सुविधाओं के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कार्यवाही में प्रगति नहीं आने की स्थिति में जिम्मेवारों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



# कलेक्टर ने मत्स्य विभाग की गतिविधियों का किया निरीक्षण

**डिंडोरी** कलेक्टर नेहा मारव्या ने विकासखंड करंजिया का भ्रमण किया। उन्होंने मत्स्य विभाग के तहत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। जिसमें बताया गया कि विभाग द्वारा हितग्राही गंगा सिंह भगवान सिंह ग्राम रूसा जनपद पंचायत करंजिया के प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत निर्मित तालाब विगत तीन वर्षों से मत्स्य पालन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें तालाब से प्रतिवर्ष 2-3 लाख रूपये की आमदनी प्राप्त हो रही है। विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड राशि 2.00 लाख रूपये भी मुझे प्रदाय किया गया है, साथ ही आत्मा परियोजना अन्तर्गत 20,000 रूपये की पुरस्कार राशि भी प्रदाय की गई है, मछली पालन से मेरी आजीविका एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ है। उक्त भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनिल राठौर, एसडीएम बजाग भारती मेरावी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग राकेश चंदेल, मत्स्य निरीक्षक हरिचरण विश्वकर्मा, मत्स्य निरीक्षक विशाल शरणागत आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समस्त आगंतुकों का अतिथि देवो भवः की परम्परा से होगा स्वागत- कलेक्टर

### युद्ध स्तर पर अमरकंटक नर्मदा महोत्सव की तैयारियां चालू साफ सफाई, वाहन, आवास समेत व्यवस्थाओं पर किया गया मंथन

**अनूपपुर**। मां नर्मदा की पवित्र उद्गम स्थली अमरकंटक में इस बार नर्मदा जयंती पूर्ण भव्यता से मनायी जाएगी। इस वर्ष मां नर्मदा जयंती पर 3 फरवरी से 5 फरवरी अमरकंटक नर्मदा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पारम्परिक कार्यक्रम के साथ महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों जनजातीय समूहों के द्वारा मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। महोत्सव की तैयारियों हेतु जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर प्रयास किया है। अमरकंटक में महोत्सव की तैयारियों कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अमरकंटक क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, साफ सफाई, आगंतुकों हेतु वाहन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, पेयजल आदि विषयों पर मंथन कर संबंधितों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। महोत्सव का आयोजन अमरकंटक क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। महोत्सव की सफलता के लिए आवश्यक है कि सभी जन सौंपें गए दायित्वों को पूर्ण समर्पण एवं सच्चे मन से निभाएं। यह महोत्सव क्षेत्र में नए रोजगारों का सृजन करेगा तथा क्षेत्र की यहाँ के निवासियों की प्रगति में सहायक होगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने महोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आगमन पर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथियों के साथ प्रदेश एवं देश के विभिन्न भागो से पर्यटकों का आगमन होगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के समस्त निवासियों से अपील की है कि पर्यटकों का अतिथि देवो भवः की परम्परा पर पूरी गर्मजोशी से स्वागत करें। इस दौरान शहडोल संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अमरकंटक पहुंचकर जायजा लिया उन्होंने मेला ग्राउंड, रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट, मां नर्मदा मंदिर परिसर मे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के संबंध में जायजा लिया। भ्रमण के दौरान कमिश्नर को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आयोजन से संबंधित तैयारी के संबंध में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम पुष्पराजगढ़ महिपाल सिंह गुर्जर सहित सर्व संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। भ्रमण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को सौंदर्यिकरण एवं सुधार कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। आपने कहा आवश्यक है कि हर सुविधा का महोत्सव के दौरान प्रत्याशित आगमन को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंधन किया जाए। यह भी आवश्यक है कि सुधार कार्य इस तरीके से किए जाएँ कि उनका भविष्य में प्रयोग किया जा सके। आपने कहा महोत्सव के आयोजन में सौंपें गए दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता को बर्दाश्त नही किया जाएगा। भ्रमण के दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं नगरपालिका अमरकंटक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।मुख्य आकर्षण अमरकंटक नर्मदा महोत्सव के दौरान विख्यात गायक हंसराज रघुवंशी 4 फरवरी को सांस्कृतिक संध्या में आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। नर्मदा जयंती 4 फरवरी के समस्त आयोजन ग्रीन अमरकंटक क्लीन अमरकंटक थीम पर आयोजित होंगे। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः मैकल पार्क में सामूहिक योगाभ्यास एवं यहाँ के मनोरम प्राकृतिक क्षेत्रों में प्रकृति प्रेमियों के लिए ट्रेकिंग गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम रामघाट में संगीतमय महाआरती का आयोजन किया जाएगा। समस्त आयोजन के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा जनजातीय कला संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा।

# पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर डिण्डौरी पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**डिंडोरी**। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार बढते सायबर क्राईम के दृष्टिगत एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के आदेशानुसार के 01 फरवरी से 11 फरवरी 2025 तक संपूर्ण प्रदेश में साइबर सुरक्षा जागरूकता (सेफ क्लिक अभियान) चलाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का उददेश्य सुरक्षित इंटरनेट के महत्व को प्रोत्साहित करना और साइबर फ्रॉड जैसे बडे अपराधों के प्रति जनता को जागरूक करना है। डिण्डौरी मे साइबर सुरक्षा जागरूकता (सेफ क्लिक अभियान) का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम ने उत्कृष्ट विघालय डिण्डौरी में सार्वजनिक संवाद कार्यक्रम के माध्यम से किया। संवाद कार्यक्रम में अपना साइबर दरवाजा बंद रखे, डिजिटल चोर से सावधान रहेष का नारा देकर जागरूकता का प्रसार किया। कार्यक्रम के दौरान विघालय के छात्र, छात्राये, शिक्षक उपस्थित



रहे। संवाद के माध्यम से लोगों को डिजिटल अरेस्ट, अनजान लिंक, व्हाटसअप एपीके फाईल, सिम स्वैप धोखाधडी, फेक कॉल, फर्जी लोन एप्लीकेशन, केबीसी फ्रॉड, केवाईसी फ्रॉड इत्यादि सायबर फ्रॉड के बारे मे जानकारी दी एवं बचाव के उपायों के बारे मे अवगत कराया गया। साइबर अपराधों के संबंध मे उपस्थित छात्र, छात्राओं के मन मे काफी जिज्ञासा देखी गयी, सभी साइबर क्राईम के नये दृ नये तरीको के बारे मे जानने के इच्छुक दिखायी दिये, विद्यार्थियों को क्या करे और क्या ना करे संबंधी पेम्पलेटस का वितरण किया गया। साइबर सुरक्षा जागरूकता (सेफ क्लिक अभियान) के आरंभ कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी डिण्डौरी के.के. त्रिपाठी, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक सुभाषचंद्र उइके, प्रभारी रक्षित निरीक्षक अभिनव राय, उत्कृष्ट विघालय डिण्डौरी के प्राचार्य सुरेश कुमार द्विवेदी एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साइबर सुरक्षा जागरूकता (सेफ क्लिक अभियान) के तारतम्य मे डिण्डौरी जिले के सभी थाना चैकियो मे संवाद और रैली का आयोजन, लोगो को साइबर क्राईम के संबंध मे जागरूक करने के लिये किया गया।

# वन परिक्षेत्र मेंहदवानी अन्तर्गत ग्राम चिरई पानी में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

**मेंहदवानी**। शनिवार को अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2024- 25,वन परिक्षेत्र मेंहदवानी (सा.), अंतर्गत वन ग्राम चिरईपानी के अंगनापाठ में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी एवं शासकीय मॉडल विद्यालय मेंहदवानी के 126 छात्र/छात्राओं को सम्मिलित कर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शहपुरा श्रीमान ओमप्रकाश धुर्वे जी,श्री जे.एस.मरकाम जनपद सदस्य मेंहदवानी,श्री सुदामा बर्मन मंडल अध्यक्ष मेंहदवानी,श्री बद्री प्रसाद साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा जिला डिंडोरी,श्री संदीप सिंह तेकाम,श्रीमती इंद्रावती धुर्वे पूर्व जिला पंचायत सदस्य डिंडोरी,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मेंहदवानी एवं श्रीमान वन मंडल अधिकारी डिंडोरी (सामान्य),श्रीमान उपवन मंडल अधिकारी शहपुरा(सामान्य), श्री हृदय सिंह परस्ते SDO जनपद पंचायत मेंहदवानी,श्रीमान प्रमोद कुमार ओझा मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेंहदवानी,मास्टर ट्रेनर श्री अमृत सिंह मसराम एवं समस्त वन अमला वन परिक्षेत्र मेंहदवानी(सा.),विद्यालयीन स्टाफ एवं वनग्राम चिरईपानी एवं ग्राम हथडोल के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।।



# योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज का 7 फरवरी को होगा जिला आगमन





**डिंडोरी**। जिला मुख्यालय के नजदीक जबलपुर बायपास रोड मैदान, स्थित अंबे राईस मिल के पास दिनांक 08 एंव 09 फरवरी को भगवती मानव कल्याण संगठन एंव पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संस्थापक-संचालक धर्मसम्राट युग चेतना पुरूष सदगुरूदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के द्वारा अधर्म के नाश व सत्यधर्म की स्थापना तथा माता भगवती श्री दुर्गा जी की दिव्य चेतना को जन-जन में जाग्रत करने व नशे-मांसाहार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान, परोपकारी एंव पुरूषार्थी समाज के निर्माण के लक्ष्य को लेकर 130 वां शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम में युग चेतना पुरूष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज का दिनांक 07 फरवरी को डिण्डौरी आगमन हो रहा है। उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य डिंडोरी जिले के प्रत्येक गांव में पंपलेट और साधना आमंत्रण कार्ड बांटकर लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं साथ ही पूरी डिंडोरी में नशा मुक्ति का संदेश दे रहे हैं जिले के लोगों का भी संगठन के सदस्यों को अपना समर्थन के साथ ही सहयोग प्रदान किया जा रहा है और जिले के स्थानीय लोग भी इस कार्यक्रम की जानकारी को सुनकर उत्सुक है।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका परिषद द्वारा शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महा अभियान 2.0 के अंतर्गत गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर पालिका की आईसी टीम द्वारा शहर के स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें उनको कचरे के प्रकार के बारे में समझाया गया तथा डस्टबिन के उपयोग किस-किस प्रकार से किए जाते हैं इसके बारे में जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ उन्हें पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया गया वही घर पर जाकर अपने परिवार के सदस्यों को थैले के प्रयोग को बढ़ावा देने के उपायों से अवगत कराया गया तथा स्वच्छता शपथ दिलाकर कचरे के प्रथाकीकरण पर जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान नगर पालिका के कर्मचारी एवं स्कूल के छात्र उपस्थित रहे।

### 6 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल व कैवल्यधाम योग शिक्षण केंद्र के सहयोग से इस निशुल्क ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी संदीप दीक्षित और लोनावला महाराष्ट्र कैवल्यधाम मुख्य ब्रांच के प्रमुख ओपी तिवारी तथा सुबोध तिवारी के मार्गदर्शन में योग ऑनलाइन शिविर आयोजित किया गया। इस योग के कोऑर्डिनेटर योगाचार्य राकेश चौहान तथा योग प्रशिक्षिका संध्या चौहान नवीन शर्मा योग प्रशिक्षिक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के लगभग 45 छात्र- छात्राओं सहित योग प्रशिक्षक सहयोगी दीपक कुमार चौबे ने भी हिस्सा लिया और योग का अनुभव किया। शिविर में सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए इस प्रशिक्षण शिविर के पूर्व इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया करवाई गई थी।

### बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** बसंत पंचमी पर्व पर 2 फरवरी को श्री गणेश मंदिर में बसंत पंचमी महोत्सव आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार चौबे ने बताया कि बसंत पंचमी महोत्सव के तहत 2 फरवरी को शाम 4 बजे श्री गणेश मंदिर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाएगी। साथ ही यहां पर ब्राह्मण समाज एवं अन्य समाजों के लोग आयोजित परिचर्चा में भाग लेंगे। श्री चौबे ने सभी से उपस्थित की है।

### आम बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया

# भाजपा ने माना लाभकारी बजट तो कांग्रेस ने कहा जुमलेबाजी




**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को लेकर लोगों द्वारा प्रतिक्रिया दी जा रही है। वही भाजपा द्वारा बजट को जन हितैषी एवं लाभकारी है बजट गरीब व मध्यम वर्ग के लिये कल्याणकारी साबित होगा तथा उन्नति के मार्गो को प्रशस्त करेगा। वही कांग्रेस द्वारा उक्त पजट को लेकर कहा गया कि बजट केवल सरकार द्वारा इस बार भी जुमलेबाजी करते हुए लोगों को भ्रमित करने वाला वजट पेश किया है। वजट मे मध्य वर्ग व गरीबों को राहत की बात कही जा रही है लेकिन ऐसा कोई ठोस प्रावधान नजर नही आ रहा है।

### विकास के गति प्रदान करेगा बजटः पाठक



भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के रोडमैप को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है जो मोदी जी की समाज के सभी व्यक्तियों के प्रति सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी सोच को प्रदर्शित करता है। इस बजट में मध्यम वर्ग का विशेष ख्याल रखते हुए गरीब, अन्नदाता, नारी शक्ति व नौजवानो को समर्पित होने के साथ ही उन्हें सक्षम व सशक्त बनाने वाला हैं। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक की आय को टेक्स फ्री किया गया है जो एक ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय है। किसानों को ध्यान में रखते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की गई है जिससे इनकी आथिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही 100 जिलों में प्रधानमंत्री धनधान्य योजना लागू की जायेगी। मेडिकल व आई.आई.टी. की 75 हजार सीटें बढ़ाई गई है। जिसका लाभ युवाओं को होगा। केंसर जैसी गंभीर व अन्य बीमारियों के इलाज में लगनी वाली 36 प्रकार की दवाओं को सस्ता किया गया है। जिससे मरीज के परिवार को आर्थिक राहत मिलेगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक व आम जनता को खुश करने वाला बजट है।

### भ्रमित करने वाला है बजटः राजपूत



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किया गया बजट किसान, युवा और आम आदमी विरोधी है। बजट से आम आदमी को कोई फायदा होने वाला नहीं है। उक्त बात रखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार जुमलेबाजों की सरकार है। केवल देश को भ्रमित करना और वादों को पूरा न करना इस सरकार की आदत बन चुकी है। यह बजट सरकार के चहेते पूंजीपतियों के लिए फायदा पहुंचाने वाला सिद्ध होगा। श्री राजपूत ने आरोप लगाया है कि यह बजट किसान मजदूर विरोधी बजट है। भारी महंगाई बेरोजगारी और गिरती अर्थव्यवस्था, गिरती भारतीय मुद्रा की साख को सरकार नियंत्रित करने में असफल रही है और इस बजट से कोई नियंत्रण लगेगा ऐसी दूर-दूर तक कोई आशा नजर नही आ रही। श्री राजपूत कहा कि जरूरत है कि फसलों का वाजिब दाम मिले और कृषि लागत कम हो।

### बजट से सभी वर्गों को मिलेगा लाभ



केन्द्र सरकार द्वारा जारी किया गया यह बजट सर्वव्यापी और समावेशी है। यह बजट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और इसमें युवाओं, महिलाओं और रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। बजट बेहतर है, संतुलित है सामान्य मध्यम वर्ग को टैक्स में भी छूट दी गई है। बजट सभी वर्गो को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

**जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री**

### निराशाजनक है बजट



इतना स्पष्ट बहुमत मिलने के बावजूद भी लोगों को राहत के नाम पर केवल झुनझुना थमाया गया है। युवा वर्ग बेरोजगार घूम रहे हैं, नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। व्यापारी वर्ग टैक्स की मार का दंश झेल रहा है। कहीं से कोई राहत नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट निराशाजनक बजट है।

**संजय शर्मा, पूर्व विधायक तेंदूखेड़ा**

### किसान हित में नहीं बजट



किसान स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लागत का डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य मांग रहे हैं, समर्थन मूल्य पर खरीदी की गारंटी का कानून मांग रहे हैं, संपूर्ण कर्ज मुक्ति मांग रहे हैं और सरकार है, कि उनको कर्ज देने में लगी है। बजट को देखकर कहा जा सकता है, कि सरकार का कर्ज बढ़ाने में विश्वास है, आमदनी बढ़ाने में नहीं है।

**ऋषिराज पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकिम संघ मध्यप्रदेश**

## सेवानिवृत्ति पर व्ही पी दुबे को दिया गया कृषि अलंकृत सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस उप संचालक कृषि कार्यालय में पदस्थ विष्णु प्रसाद दुबे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। श्री दुबे द्वारा शासकीय सेवा में 34 वर्ष 8 माह की निष्ठापूर्वक गौरवमयी एवं संतोषप्रद सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन कर कृषि अलंकृत सम्मान से सम्मानित किया गया। उप संचालक कृषि उमेश कटहरे द्वारा आपके द्वारा कृषि क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि सम्मान से अलंकृत कर गौरव का क्षण बताया तथा श्री दुबे कृषि के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुये कृषक हित के मुद्दों को सदैव सकारात्मक ढंग से निराकृत किया है। कृषक वर्ग के उत्थान हेतु आप हमेशा प्रतिबद्धता के साथ गतिमान रहे है। इस अंचल के कृषकों की तकनीकी एवं आर्थिक तरक्की की इबारत लिखने में आपका योगदान अप्रतिम रहा है। उक्त अवसर पर श्री दुबे की पुत्री डॉ. आयुषी दुबे एवं पुत्र धुरव दुबे तथा श्रीमती शिल्पी नेमा, आर एन पटेल, दीप्ति यादव, अभिषेक दुबे श्रीमती सीमा डेहरिया, श्रीमती सुनीता मवासे, श्रीमती रश्मि ठाकुर आर के अग्रवाल, अशोक श्रीवास्तव, श्रीमती ऊषा पचैरी श्रीमती विभा सिंह तोमर, अरुण नेमा, पी के ओझा, श्रीमती रश्मि मेहरा गिरिराज यादव, यशंवत गौरे अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बरहटा स्कूल में कैरियर मेले का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश के तहत शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में आयोजित हुआ करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन मेला। इस दौरान विद्यालय में शिक्षकों द्वारा सभी विषय जीव विज्ञान, कॉमर्स, आर्ट, गणित, आईटी आदि के आकर्षक स्टाल लगाए गए। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा सभी विषयों के कोर्स की जानकारी ली गई। शिक्षकों ने रंग बिरंगे पोस्टर बनाकर संपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति और करियर के प्रति उत्साह देखने लायक था। इस दौरान प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार बख्शी में विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए, तन मन धन से लगकर सही समय पर उचित कार्य करने से सफलता प्राप्त की जाती है साथ ही कहा कि दुनिया में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है सब कुछ मेहनत से प्राप्त किया जा सकता है। राजेश संगीतिय ने मंच संचालन किया। लेट. जितेन्द्र मिश्रा द्वारा एनसीसी के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालय के सभी शिक्षकों भागचंद झरिया, गनी मो, तरुवर पटेल, सुनील दीक्षित, पुष्पेंद्र पूषाम, शायना फरहीन, भावना मिश्रा, अभिषेक दुबे आदि ने विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सेज की विस्तृत जानकारी व उचित मार्गदर्शन किया। सरिता कोरी, शंकर राजभर, आशुतोष नामदेव, स्वप्नेश अड़कने, गणेश प्रसाद, रक्षा चैरसिया, संतोष विश्वकर्मा, रूपेंद्र पाटकर आदि ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया एवं अनुशासन सबंधी व्यवस्थाएं संभाली।

## बाबा धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को आदिवासी समाज द्वारा राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि महाकुंभ प्रयागराज में बागेश्वर धाम बाबा धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा आदिवासियों का समागम आयोजित किया गया था जिसमें देशभर से आदिवासियों को आमंत्रित किया था, जहाँ पर मण्डला जिले की महिला से बाबा के मध्य संवाद में गोंड समाज के आराध्य देव बड़ादेव एवं गोंडी पर आपत्तिजनक टिप्पणी जिसमें बागेश्वर धाम सरकार यूट्यूब चैंनल पर 25 जनवरी 2025 से एक आपत्तिजनक विडियो चल रही हैं जिसमें एक तथाकथित महिला द्वारा बाबा धीरेंद्र शास्त्री से कह रही हैं कि आदिवासी समाज रामायण जलाते एवं गोंड समाज के आराध्य देव बड़ादेव व भुमकाओं के सम्बंध में आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की है। बाबा बागेश्वर धाम में धार्मिक उन्माद फैलाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने, आदिवासी समाज की आस्था व भावनाओं पर ठेस पहुँचाने प्रयास किया जा रहा है। जिसका समूचा गोंड समाज विरोध करता है। संगठन ऐसे संस्थान को तत्काल बंद करने एवं प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने वालों में गोंडवाना समग्र विकास क्रांति आंदोलन,गोंड समाज महासभा म. प्र., गोंड समाज महासभा, कोयतोड़ गोंडवाना महासभा, गोंडी भुमका प्रकोष्ठ, म प्र आदिवासी विकास परिषद नरसिंहपुर के अलावा जिले के विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रदेश, जिला, ब्लॉक, ग्राम स्तरीय कमेटियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## मध्यम वर्ग को राहत किसानों के लिए योजनाएं लेकिन चुनौतियां बरकरार

### बजट को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया

तेंदूखेड़ा शनिवार को देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जिसमें मध्यम वर्ग किसानों एमएसएमई और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं।वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए इस आम बजट को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। जहां मध्यम वर्ग और किसानों को राहत देने वाले उपायों की सराहना हो रही है। वहीं बेरोजगारी महंगाई और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर कम ध्यान दिए जाने को लेकर आलोचना भी हो रही है।

### मध्यम वर्ग ने जताई राहत की उम्मीद

वित्त मंत्री ने आयकर छूट सीमा 12 लाख रुपये तक बढ़ाकर मध्यम वर्ग को राहत दी है। नए कर स्लैब के अनुसार 12 लाख रुपये तक की आय वालों को 80हजार रुपये और 20 लाख रुपये तक की आय वालों को 90हजार रुपये की बचत होगी। यह कदम मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाने में सहायक हो सकता है। हालाकि मध्यम वर्ग महंगाई से हलाकान है जिस पर यह बजट लगभग मौन है।

### किसानों के लिए योजनाएं

भारत सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। जैसे प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना जिससे 100 जिलों में उत्पादकता बढ़ेगी और 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत तुअर उड़द और मसूर जैसी दालों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। इससे किसानों को वित्तीय सहायता मिलेगी। ये योजनाएं किसानों के लिए फायदेमंद हैं लेकिन सफलता के लिए इनका सही क्रियान्वयन जरूरी है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अक्सर योजनाओं का लाभ छोटे और मझोले किसानों तक नहीं पहुंच पाता। दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए बाजार और एम एस पी की सुरक्षा भी जरूरी है। केसीसी सीमा बढ़ने से किसानों को राहत मिलेगी। लेकिन ऋण वसूली और ब्याज दरों पर भी ध्यान देना होगा। कुल मिलाकर ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर इनकी पहुंच और प्रभावी क्रियान्वयन चुनौती बना हुआ है।


### स्वास्थ्य और शिक्षा राहत तो मिली लेकिन पर्याप्त नहीं

बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। 36 जीवनरक्षक दवाओं को सीमा शुल्क से मुक्त किया गया है जिससे कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गिग वर्कर्स को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई है, जिससे असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिकों को मदद मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन अपेक्षाकृत कम है और सरकारी अस्पतालों की स्थिति सुधारने के लिए ठोस निवेश की जरूरत थी। शिक्षा क्षेत्र को भी कुछ बढ़ावा मिला है।लेकिन बुनियादी ढांचे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर और ध्यान देने की आवश्यकता है।

### एम एस एम ई और स्टार्टअप्स को बढ़ावा लेकिन असंगठित क्षेत्र की चिंताएं बरकरार

बजट में छोटे और मध्यम उद्यमों को समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एम एस एम ई एस के लिए ऋण गारंटी सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे वित्तीय सहायता में वृद्धि होगी। स्टार्टअप्स के लिए 27 प्रमुख क्षेत्रों में ऋण गारंटी शुल्क घटाकर एक प्रतिशत किया गया है। जिससे नई कंपनियों को प्रोत्साहन मिलेगा। बजट में मध्यम वर्ग किसानों और एमएसएमई के लिए कई सकारात्मक घोषणाएं की गई हैं। आयकर छूट सीमा 12 लाख रुपये तक बढ़ाने से करदाताओं को राहत मिलेगी, जबकि कृषि योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि की उम्मीद है। एमएसएमई और स्टार्टअप्स को ऋण गारंटी और निर्यात सुविधाओं का लाभ मिलेगा जिससे छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा। हालांकि इस बजट में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया गया। बेरोजगारी की समस्या लगातार बनी हुई है। लेकिन इसे दूर करने के लिए कोई ठोस योजना नहीं लाई गई। विशेष रूप से युवा वर्ग को रोजगार के अवसर देने के लिए नए उद्योगों और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता थी। महंगाई एक और प्रमुख चिंता है, क्योंकि दैनिक उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि आम जनता की क्रय शक्ति को प्रभावित कर रही है। बजट में महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए जिससे आम लोगों में असंतोष देखा जा रहा है। इसके अलावा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन जैसे दीर्घकालिक मुद्दों को भी अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली। सतत विकास के लिए ग्रीन एनर्जी और प्रदूषण नियंत्रण योजनाओं की जरूरत थी। कुल मिलाकर, यह बजट कुछ वर्गों के लिए राहतकारी है। लेकिन कई मौजूदा चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं।


### इनका कहना है



देश के चहुंमुखी विकास का बजट

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस बजट को चहुंमुखी विकास का बजट बताते हुए स्पष्ट किया है कि इस बजट में किसानों युवाओं बेरोजगारों व्यापारी वर्ग शासकीय कर्मचारियों तथा आम वर्ग को राहत और विकासोन्मुखी बजट है।

**विश्वनाथ सिंह पटेल विधायक तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र**



केवल आश्वासन और झुनझुना वाला बजट इतना स्पष्ट बहुमत मिलने के बाबजूद भी लोगों को राहत के नाम पर केवल झुनझुना थमाया गया है। युवा वर्ग बेरोजगार घूम रहे हैं नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। व्यापारी वर्ग टेक्स की मार का दंश झेल रहा है कहीं से कोई राहत नहीं है।कुल मिलाकर यह बजट निराशाजनक बजट है।

**संजय शर्मा पूर्व विधायक संजय शर्मा तेंदूखेड़ा क्षेत्र**


## नगर में आज शोभा यात्रा, होगी कलश स्थापना

### मंदिर आकर्षक सजावट से हुआ सराबोर



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर देवता श्री देव ठाकुर बाबा महाराज मंदिर गोटेगांव में आज 2 फरवरी दिन रविवार को श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर में भव्य कलश स्थापना की स्वर्णिम बेला पर 2 फरवरी 2025 रविवार को 12:00 बजे से कलश की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है यह कलश यात्रा नगर में विभिन्न स्थानों से होते हुए श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर में संपन्न होगी इस पवित्र कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया जाएगा नगर के प्रसिद्ध एवं अति प्राचीन मंदिर इस समय भव्यता का रूप ले चुका है जो की जन आकर्षक का केंद्र बन गया है साक्षात नगर देवता श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर का आज भी गोटेगांव शहर में चमत्कार है यहां पर नगर की जनता अपने शुभ कार्यों का श्री गणेश इसी मंदिर करती है इसके पश्चात दिनांक 3 फरवरी दिन सोमवार को कलश स्थापना के साथ पूर्णाहुति एवं भंडारी का आयोजन भी हो रहा है नगर के गणमान्य नागरिक समाजसेवी एवं श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर ट्रस्ट समिति के साथ समस्त गोटेगांव वासियों तथा जनप्रतिनिधियों ने नगर की समस्त माता बहनों से आग्रह किया है कि पीले वस्त्र में कलश यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठावे। इस अनुष्ठान में सभी से आमंत्रित होने का निवेदन भी किया गया है स्कॉलरशिप स्थापना के कार्यक्रम निम्नलिखित है 1 फरवरी 2025 दिन शनिवार को नगर देवता श्री देव ठाकुर बाबा जी के मंदिर में स्थापना पूजन होगा 2 फरवरी 2025 दिन रविवार को दोपहर 12:00 बजे से कलश की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा नगर में जगह-जगह भक्तगण इस पवित्र यात्रा का स्वागत वंदन करेंगे 3 फरवरी 2025 सोमवार को कलश स्थापना पुणे होती एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस दौरान श्रद्धालुओं को बाबा के दिव्य आशीर्वाद का और दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## माफियाओं एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान



**गोटेगांव।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत देर रात्रि कांबिंग गस्त के दौरान लंबे समय से फरार गिरफतारी वारंट तामील।गुंडे बदमाश,एवं असमाजिक गतिविधियों में लिप्त 29 गुण्डा/ निगरानी बदमाश 09 हिस्ट्रीशीटर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में जेल से रिह हुए आरोपियों को किया गया चैक। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में पुलिस का खौफ उत्पन्न कराना एवं आम नागरिक को पुलिस की उपस्थिति का सुखद अहसास कराना है।अभियान के तहत अंतर्गत नाईट काम्बिंग गस्त भी की गयी साथ ही स्थायी फरारी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड के साथ. साथ जिला बदर अपराधियों की औचक चैकिंग करना इसी के साथ-साथ थानों में लंबित गंभीर अपराधों के आरोपियों की तलाश करना है, अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु असमाजिक तत्वों की धरपकड की जा रही है।होटल ढ़ाबा,रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड में पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों साथ ही चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर झुन्ड बनाकर खडे होने वाले व्यक्तियों से पूछाताछ कर चेतावनी दी गयी साथ ही होटल, ढाबा, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड को चैक किया गया। नगर के विभिन्न मार्गो से रात्रि में पैदल ग्रस्त थाना प्रभारी प्रदीप सर्राफ,एसआई गौरव नेमा,चंद्रप्रकाश पटले,प्रशांत सिंह,नितिन सिंह अन्य अधिकारियों द्वारा की जा रही है।